उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001

Web-www.uppbpb.gov.in

संख्या:पीआरपीबी-एक – 1-मृ0आ0(1)/2021 दिनांक:-जनवरी 04 ,2023

पुलिस विभाग में सेवाकाल में मृत पुलिस कर्मियों के आश्रितों के सेवायोजन हेतु उ0प्र0 शासन के शासनादेश 2030/6-पु-1-15-2013/2015 दिनांक-18.09.2015 तथा उ0प्र0पु0 मुख्यालय के परिपत्र संख्या-18/ए-1(124)-2013 दिनांक-24.11.2015 में प्राख्यापित व्यवस्था के अंतर्गत चयन किया जाता है।

2- पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा अधियाचित उपनिरीक्षक ना0पु0 के 44 पदों के सापेक्ष शारीरिक दक्षता परीक्षा में उपयुक्त घोषित अभ्यर्थियों तथा सहायक उपनिरीक्षक(लेखा) के 01 पद के सापेक्ष अर्हकारी प्रकृति की टंकण परीक्षा में उपयुक्त अभ्यर्थियों की ओ0एम0आर0 आधारित वस्तुनिष्ठ प्रकृति की लिखित परीक्षा दिनांक-30.12.2022 को उ0प्र0 लोक सेवा आयोग भवन परीक्षा केन्द्र में आयोजित की गई थी।

3- उक्त परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प प्रकाशित किए जा रहे हैं, अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि उत्तर विकल्पों के संबंध में आपत्तियाँ यदि कोई हों तो उ0प्र0पु0 भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भेजनें का कष्ट करें। आपत्तियाँ प्रेषित करते समय अपना अनुक्रमांक तथा प्रश्न संख्या का उल्लेख करते हुए आपत्तियाँ तथा अपनें कथन के संबंध में पुष्टिकारक साक्ष्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन आपत्तियों के संबंध में कोई निश्चयात्मक मत अथवा पुष्टिकारक साक्ष्य अभ्यर्थी द्वारा प्रेषित नहीं किया जाएगा उन आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4- उक्त परीक्षा में उपनिरीक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों के लिए प्रश्नपत्र के series-A का प्रश्न संख्या-97 जो इसी परीक्षा के series-B का प्रश्न संख्या-57, series-C का प्रश्न संख्या-17, series-D का प्रश्न संख्या-137, सहायक उपनिरीक्षक लेखा के प्रश्न पत्र का प्रश्न संख्या-97 है , एक प्रश्न त्रुटिपूर्ण टंकण के कारण निरस्त किया जाता है। इस प्रश्न के लिए आवंटित अंकों का वितरण मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या-2669(एम0बी0)/2009 पवन कुमार अग्रहरी बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुरूप किया जाएगा।

5- आप अपनी आपत्तियाँ उ0प्र0पु0 भर्ती बोर्ड के वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर दिनांक-09.01.2023 मध्य रात्रि 12.00 तक भेजें। लिंक पर login करनें के लिए अपनें अनुक्रमांक तथा जन्मतिथि का प्रयोग करें।

6- अभ्यर्थी अपनी आपत्ति के संदर्भ के लिए विज्ञप्ति में प्रकाशित प्रश्नपत्र (Master question paper) के प्रश्न संख्या का ही उपयोग करें।

7- अभ्यर्थियो को अपनी आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/तर्क/सन्दर्भ का उल्लेख करना अनिवार्य है।

8- अभ्यर्थियों को यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अपनी सभी आपत्तियों को एक साथ समेकित रूप से निर्धारित समय अवधि से पूर्व भेजें, 09.01.2023 के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

04/1/23

अपर सचिव भर्ती

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

लखनऊ।